PAIGAM-E-JAGAT
पैग़ाम-ऐ-जगत

'शिक्षा का उद्देश्य तथ्यों को सीखना नहीं होता है, बल्कि शिक्षा का मुख्य दिमाग को प्रशिक्षित करना होता है।'
-अल्बर्ट आइन्स्टीन

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | बुधवार, 7 अक्तूबर, 2026, साल-2, अंक-73, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

पंजाब सीएम के चंडीगढ़ कैंप ऑफिस में सी.बी.आई. रेड

मोहाली और संगरूर भी पहुंची टीमें; ट्रांसफर-पोस्टिंग और सरकारी ठेकों में भ्रष्टाचार का आरोप

चंडीगढ़, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

केंद्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित कैंप ऑफिस में मंगलवार शाम छापा मारा। सीबीआई की टीमें मोहाली और संगरूर भी पहुंचीं।

यह कार्रवाई पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद की गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम आफिस में ट्रांसफर-पोस्टिंग और करप्शन के आरोप लगाए थे। ईडी ने सीएम के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन को मुख्य आरोपी बनाया था पर पुलिस ने उनके खिलाफ स्न्ढ्ढक्र नहीं दर्ज की।

मामला हाईकोर्ट पहुंचा और 5 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने ओएसडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सीबीआई जांच का आदेश दिया। पंजाब सरकार इस मामले की अर्जेंट सुनवाई के लिए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंची, लेकिन यह मांग खारिज कर दी गई। ईडी की कार्रवाई में नितिन गोहल, रियल एस्टेट कारोबारी अजय सहगल, सुरेश कुमार बजाज और अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। जांच में मुख्यमंत्री के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन से जुड़े संपर्कों का भी उल्लेख किया गया है। ईडी का आरोप है कि कुछ लोग सरकारी अधिकारियों की पोस्टिंग-ट्रांसफर और दूसरे प्रशासनिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए बिचौलिये की भूमिका निभा रहे थे।

ईडी के मुताबिक, जांच में मिले चैट और अन्य सामग्री में अधिकारियों की पोस्टिंग, तबादलों और सरकारी पदों पर नियुक्ति से जुड़ी बातचीत का उल्लेख है। मार्कफेड के टेंडर, अधिकारियों की पोस्टिंग, लाइसेंस और अन्य सरकारी मंजूरियों को प्रभावित करने के आरोप भी लगाए गए हैं। ईडी ने भ्रष्टाचार निवारण कानून के साथ-साथ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़ी धाराओं के तहत अपराध बनने की बात कही है।

डीजीपी को पत्र भेजकर एफआईआर की मांग की

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को चिट्ठियां भेजकर कथित भ्रष्टाचार और सरकारी कामकाज में दखल के मामले में स्न्ढ्ढक्र दर्ज करने की मांग की है। ईडी की जांच में ट्रांसफर-पोस्टिंग, सरकारी टेंडर, नीतिगत फैसलों, जमीन के इस्तेमाल में बदलाव और दूसरे सरकारी कामों को प्रभावित करने के आरोप सामने आने की बात कही गई है। जुलाई और अगस्त 2026 में भेजे गए पत्रों को लेकर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में भी मामला पहुंचा।

पंजाब सरकार सीबीआई जांच के खिलाफ पहुंची सुप्रीम कोर्ट

चंडीगढ़ : पंजाब के सीएम ऑफिस में कथित कैश फॉर ट्रांसफर-पोस्टिंग करप्शन केस की सीबीआई जांच के खिलाफ 'आप' सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। सीनियर एडवोकेट विकास सिंह पंजाब सरकार की तरफ से पेश हुए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से मामले की अर्जेंट लिस्टिंग की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच के लिए उच्च न्यायालय का निर्देश राजनीति से प्रेरित है और संघीय ढांचे का उल्लंघन करता है। मुख्य न्यायाधीश ने मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि मामले पर बुधवार या गुरुवार को विचार किया जा सकता है। सिंह ने दलील दी कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 66(2) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर जांच का निर्देश देकर उच्च न्यायालय ने चूक की है। उन्होंने कहा कि पुलिस कार्रवाई केवल तभी जायज होती है जब मिली जानकारी से कोई संज्ञेय अपराध प्रकट होता हो। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक विजय मदनलाल चौधरी फैसले का भी हवाला दिया। बता दें कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने कल मामले की सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। हाईकोर्ट ने सीएम के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर 2 महीने में जांच रिपोर्ट मांगी थी।

जमीन और रियल एस्टेट का एंगल

मामला एक बड़े चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) और मनी लॉन्ड्रिंग जांच से भी जुड़ा है। ईडी की कार्रवाई मूल रूप से करीब 348 करोड़ रुपए के सनटेक सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के दौरान आगे बढ़ी। एजेंसी ने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारियों के जरिए कुछ रियल एस्टेट संस्थाओं को जमीन के इस्तेमाल में बदलाव और दूसरी मंजूरियां दिलाने की कोशिश की गई।

ईडी को तलाशी में क्या मिला

ईडी ने मई 2026 में नितिन गोहल, अजय सहगल और अन्य से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली थी। एजेंसी के मुताबिक इस दौरान दस्तावेज और डिजिटल सामग्री मिली। करीब एक करोड़ रुपए नकद बरामद होने का भी दावा किया गया है। ईडी ने मोबाइल फोन से मिले वॉट्सऐप चैट और कॉल रिकॉर्ड को भी जांच का हिस्सा बनाया है।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राहुल और प्रियंका का धरना

पुलिस ने आकाशवाणी भवन के पास संसद के मकर द्वार से शुरू हुए मार्च को रोका

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

दिल्ली पुलिस ने आज 'आई.एन.डी.आई.ए.' गठबंधन के कई बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया। ये नेता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर चुनाव आयोग के दफ़्तर की ओर मार्च कर रहे थे। हिरासत में लिए गए नेताओं में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी और डेरेक ओ'ब्रायन शामिल हैं।

पुलिस ने संसद के मकर द्वार से चुनाव आयोग के दफ़्तर की ओर बढ़ रहे मार्च को रोक दिया और नेताओं को बसों में बिठाकर ले गई। कांग्रेस ने बताया कि इसके बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, चरणजीत सिंह चन्नी, दीपेंद्र हुड्डा और कांग्रेस के अन्य नेताओं ने आकाशवाणी भवन के पास धरना दिया। इससे पहले, जब 'आई.एन.डी.आई.ए.' गठबंधन का मार्च संसद स्ट्रीट/नीति आयोग के पास रोका गया, तो राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी (शेष पेज 2 पर)

आठ घंटे के धरने के बाद राहुल और प्रियंका गांधी को हिरासत में लिया गया

दिल्ली में 'INDIA' गठबंधन के नेताओं द्वारा चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और वोटर लिस्ट के स्पेशल समरी रिविजन के खिलाफ किए जा रहे विरोध प्रदर्शन ने देर शाम एक नया मोड़ ले लिया। पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को हिरासत में ले लिया, जो आकाशवाणी भवन परिसर में आठ घंटे से धरना दे रहे थे। इससे पहले, रात करीब 8 बजे पुलिस राहुल गांधी को विरोध स्थल से हटाने के लिए आकाशवाणी भवन के अंदर पहुंची थी। चुनाव आयोग से मिलने की मांग पर अड़े रहे। सुबह से चल रहे विरोध प्रदर्शन के बाद, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत कई कांग्रेस नेता आकाशवाणी भवन परिसर में बैठ गए। वे चुनाव आयोग के कार्यालय जाकर मुख्य चुनाव (शेष पेज 2 पर)

गुजरात: बोलेरो खड़ी ट्रक से टकराई; 7 लोगों की मौत

भावनगर, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

मंगलवार को गुजरात के भावनगर ज़िले में एक भयानक हादसा हुआ, जब एक एसयूवी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी दी। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधीक्षक नितेश पांडे ने बताया कि मरने वाले लोग भावनगर से अलंग जा रहे थे, जहाँ वे एक शिपयार्ड में काम करते थे।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 10 बजे भावनगर-सोमनाथ नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर, ज़िले के तलाजा तालुका के त्रापाज गाँव के पास हुआ। तेज़ रफ़्तार एसयूवी सड़क पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई। पांडे ने कहा, 'ट्रेलर हाईवे की सर्विस रोड पर त्रापाज गाँव के पास खड़ा था, जो अलंग पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है। पीछे से आ रही एक बोलेरो ट्रेलर के पिछले हिस्से से टकरा गई। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने (शेष पेज 2 पर)

पंजाब में 'आप' सरपंच की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

- **बस स्टैंड पर फायरिंग कर बाइक सवार हमलावर भागे; पुलिस ने फोटो जारी की**

तरनतारन, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

तरनतारन में मंगलवार को आम आदमी पार्टी के एक सरपंच की दिनदहाड़े गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वह पट्टी हलके के तूत बस स्टैंड पर मौजूद थे, इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सरपंच अपनी इनोवा गाड़ी में सवार थे। उनके साथ मौजूद उनके ड्राइवर को भी गोली के छर्रे लगे हैं, जिसका इलाज चल रहा है। उसने बताया है कि बाइक पर दो लोग आए थे। उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिनमें से 3 गोलियां सरपंच को लगीं।

मौके पर मौजूद लोगों ने सरपंच को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनकी पत्नी का कहना है कि उसने 50 लाख रुपए फिरौती मांगी जा रही है। इसे लेकर कई बार धमकी मिल चुकी थी। पुलिस अब हमलावरों की तलाश कर रही है। सीसीटीवी खंगालकर पुलिस ने बाइक सवारों की फोटो जारी की है। साथ ही अधिकारियों के नंबर जारी लोगों से अपील की है कि इनके बारे में (शेष पेज 2 पर)

नाइजीरिया में प्लेन क्रैश

एयर फ़ोर्स का प्लेन क्रैश; 25 लोगों की मौत

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

अफ़्रीकी देश नाइजीरिया से दुखद खबर आई है, जहाँ सोमवार को नाइजीरियाई एयर फ़ोर्स का एक प्लेन दक्षिणी राज्य ओंडो में क्रैश हो गया। इस भयानक हादसे में प्लेन में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई। नाइजीरियाई एयर फ़ोर्स के अधिकारियों के मुताबिक, सेना का एटीआर-42 विमान एक मिशन के तहत देश के आर्थिक केंद्र लागोस जा रहा था। इसमें 20 यात्री और 5 क्रू मेंबर सवार थे।

अधिकारियों ने बताया कि विमान अपनी मंज़िल लागोस की ओर एक रूटीन फ़्लाइट पर जा रहा था, तभी अचानक वह रडार से गायब हो गया। बाद की जांच में पता चला कि यह ओंडो राज्य में नदी के किनारे बसे इग्बोकोडा शहर में एक नेवल बेस के पास क्रैश हो गया, जिससे इसमें सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई। फ़िलहाल, हादसे की असली वजहों की जांच की जा रही है।

'धर्म युद्ध मोर्चा' के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम मान से मुलाकात की

अमरजीत सिंह चावला के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले की एसआईटी जांच की मांग की गई

- **शिरोमणि समिति के चुनावों में कोई अनावश्यक देरी नहीं होगी; सभी उचित कदम उठाए जाएंगे: मुख्यमंत्री भगवंत मान**

चंडीगढ़, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज गुरप्रीत सिंह खालसा के नेतृत्व में 'धर्म युद्ध मोर्चा' के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार श्री आनंदपुर साहिब में हुई दुखद घटना की त्वरित, पारदर्शी और गहन जांच सुनिश्चित करेगी। इसके लिए तुरंत एक विशेष जांच दल का गठन किया जाएगा और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह आश्वासन सिख संगठनों द्वारा इस मामले में SIT जांच की मांग को लेकर बार-बार किए गए अनुरोधों के बाद दिया गया है।

बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लंबे समय से लंबित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव बिना किसी देरी के कराने और समय पर कार्रवाई व उचित कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से सिख पंथ से जुड़े सभी मुद्दों को हल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। 'एक्स' पर जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'मैंने चंडीगढ़ में बटाला में चल रहे 'धर्म युद्ध मोर्चा' के नेता गुरप्रीत सिंह खालसा जी के साथ एक अहम बैठक की। हमने सिख पंथ से जुड़े अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा की।

हम यह पक्का करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लंबे समय से रुके हुए चुनाव जल्द से जल्द हों। श्री आनंदपुर साहिब में हुई दुखद घटना पर गहरा दुख जताते हुए, मैंने भरोसा दिलाया कि मामले की बारीकी से जांच के लिए तुरंत एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई जाएगी। जांच जल्द पूरी की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई पक्की की जाएगी। हमारी सरकार सिख पंथ से जुड़े हर मुद्दे का तुरंत और सही समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध है।' इस मामले में प्रतिनिधिमंडल की चिंताओं पर गंभीरता से ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'राज्य सरकार यह पक्का करेगी कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर हो। (शेष पेज 2 पर)

ओमान के तट के पास कमर्शियल जहाज़ पर हमला

- **11 भारतीय क्रू मेंबर घायल, विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा की**

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुज़र रहे एक कमर्शियल जहाज़ पर हमला हुआ है। पनामा के झंडे वाले जहाज़ 'MT On Peace' पर हुए इस हमले में 11 भारतीय क्रू मेंबर घायल हो गए।

विदेश मंत्रालय ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक बयान जारी किया और हमले की कड़ी निंदा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह घटना तब हुई जब 'MT On Peace' होर्मुज जलडमरूमध्य से गुज़र रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक अहम जलमार्ग माना जाता है। इस इलाके में जहाज़ों की आवाजाही को लेकर पहले भी (शेष पेज 2 पर)

फर्जी पी.सी.एस. अफसर बनकर आप नेता से शादी

- **महिला ने खुद को अविवाहित बताया, 8 महीने बाद लूटकर भागी; शादी में मंत्री भी नाचे थे**

फतेहगढ़ साहिब, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

फतेहगढ़ साहिब में एक महिला ने खुद को पी.सी.एस. अधिकारी बताकर आप नेता अमरिंदर सिंह मंडोफल से शादी कर ली। शादी के कुछ दिन बाद वह घर से सोने-चांदी के जेवर लेकर चली गई। आप नेता ने बताया कि इसके बाद जब उन्होंने महिला के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह पहले से शादीशुदा थी और उसका तलाक हो चुका था।

यह भी पता चला कि उसका करीब 18 साल का बेटा है। आप नेता का आरोप है कि महिला की उम्र कम दिखाने के लिए दस्तावेजों में भी छेड़छाड़ की गई। फरवरी 2026 में दोनों की शादी हुई, जिसमें विधानसभा के स्पीकर से लेकर कैबिनेट मंत्री भी पहुंचे थे। मामले में पुलिस ने महिला मनविंदर कौर समेत 6 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया है।

शादी से पहले पी.सी.एस. अधिकारी और अविवाहित बताया आप के ज्वाइंट सेक्रेटरी, जिला परिषद सदस्य और मार्केट कमेटी सरहिंद के (शेष पेज 2 पर)

शादी के बाद घर से जेवर लेकर भागी

अमरिंदर सिंह ने महिला पर शादी के बाद घर से कीमती जेवरात और अन्य सामान लेकर चले जाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने इन आरोपों को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने महिला मनविंदर कौर सहित 6 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है। स्न्ढ्ढक्र में मनविंदर कौर के अलावा उसके भाई तरलोचन सिंह, मां वरिंदरजीत कौर, नरिंदर सिंह गोल्डी (ताया का लड़का), रूपिंदर कौर (भाभी) और गांव के पूर्व सरपंच सुरिंदर सिंह राणा को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपी तरनतारन जिले के भिखीविंड थाना क्षेत्र के गांव सुरसिंह के रहने वाले हैं।

बहरीन मामला : एसजीपीसी ने सराय के रिकॉर्ड में छेड़छाड़ का खुलासा किया

- **कई अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है, धामी ने मीडिया के सामने नकली एंट्री वाले रजिस्टर पेश किए**

अमृतसर, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की बहरीन की महिला से जुड़े मामले की शुरुआती जांच में पता चला है कि गुरुद्वारों की सराय (यात्री निवास) के रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गई थी ताकि यह गलत तरीके से दिखाया जा सके कि वह वहां लंबे समय तक रुकी थी। इस सिलसिले में, एसजीपीसी आनंदपुर साहिब की सराय से जुड़े मैनेजर और अन्य अधिकारियों सहित कई कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर रही है।

एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने आज मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच समिति की शुरुआती रिपोर्ट मिल गई है और आने वाले दिनों में अंतिम रिपोर्ट आने की उम्मीद है। उन्होंने मीडिया के सामने सराय (यात्री निवास) से जुड़े रजिस्टर भी पेश किए; इनमें बहरीन की महिला के ठहरने के बारे में एंट्री हैं, जिनसे पता चलता है कि उसने उन अवधियों के दौरान अपने ठहरने के लिए जरूरी फीस जमा की थी। इन रिकॉर्ड के अनुसार, श्री आनंदपुर साहिब की सराय के रजिस्टर में उसके नाम पर लगभग सात एंट्री हैं और अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब की सराय में उसके ठहरने की आठ एंट्री हैं, जबकि एक एंट्री मोहाली के गुरुद्वारा अंब साहिब से संबंधित है।

उन्होंने रजिस्टर में ऐसी अतिरिक्त एंट्री की ओर भी इशारा किया जो तय तारीखों के बाद की गई थीं और बताया कि उनके सीरियल नंबर बदल दिए गए थे। उन्होंने कहा कि इन अतिरिक्त एंट्री को करने के लिए जिम्मेदार कर्मचारी की लिखावट के नमूने जांच के लिए (शेष पेज 2 पर)

हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ी

- सभी फ़ॉर्मेट में कप्तानी छोड़ी; गुवाहाटी में बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद लिया गया फ़ैसला

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की लंबे समय से कप्तान रहीं हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को तीनों फ़ॉर्मेट में कप्तानी छोड़ दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक लीडर के तौर पर अपनी ज़िम्मेदारियाँ पूरी कर ली हैं और अब वह 'खेल के प्रति अपने प्यार के लिए फिर से खेलने को तैयार हैं।'

हरमनप्रीत का यह ऐलान गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद आया है, जिसे हाल के महीनों में टीम के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए बुलाया गया था। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में हरमनप्रीत, उप-कप्तान स्मृति मंधाना और मुख्य कोच अमोल मजूमदार शामिल हुए। 37 वर्षीय हरमनप्रीत ने 2016 में ञ्20 टीम की कप्तानी संभाली थी और एक दशक तक इस पद पर रहीं। इसके बाद, उन्हें 2022 में वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई और 2023 तक वह तीनों फ़ॉर्मेट में टीम की अगुवाई कर रही थीं।

उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'आज, मैं सभी फ़ॉर्मेट में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ रही हूँ।'

एक लंबे बयान में हरमनप्रीत ने कहा, 'यह फ़ैसला आसान नहीं है।

डीएचई डॉ. पालिका अरोड़ा ने सरकारी शिक्षा महाविद्यालय, चंडीगढ़ में पांच दिवसीय आईसीटी कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का किया उद्घाटन

पैग़ाम-ऐ-जगत
चंडीगढ़, 5 अक्तूबर
(हरमिंदर सिंह नागपाल)

भावी बी.एड. शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय आईसीटी कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का आज सरकारी शिक्षा महाविद्यालय, सेक्टर 20-डी, चंडीगढ़ में शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. पालिका अरोड़ा, पीसीएस, निदेशक उच्च शिक्षा, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती प्रिया टंडन, श्री सत्य साई विद्या वाहिनी की चंडीगढ़ प्रतिनिधि एवं हरियाणा राज्य समन्वयक, तथा डॉ. सपना नंदा, प्रिंसिपल, सरकारी शिक्षा महाविद्यालय, चंडीगढ़ भी उपस्थित थीं।

यह कार्यशाला 5 से 9 अक्तूबर 2026 तक श्री सत्य साई विद्या वाहिनी, प्रशांति निलयम, आंध्र प्रदेश के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य भावी शिक्षकों की डिजिटल दक्षताओं को मजबूत करना और उन्हें शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी के प्रभावी एवं रचनात्मक एकीकरण के लिए तैयार करना है।

अपने संबोधन में डॉ. पालिका अरोड़ा ने समकालीन शिक्षा में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भावी शिक्षकों को उभरती प्रौद्योगिकियों का सार्थक, रचनात्मक और जिम्मेदार उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, ताकि कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी और सीखने के अनुभवों को अधिक रुचिकर बनाया जा सके।

डॉ. सपना नंदा, प्रिंसिपल, ने सभी गणमान्य अतिथियों और स्रोत व्यक्तियों का स्वागत किया तथा श्री सत्य साई विद्या वाहिनी के साथ इस सहयोग की सराहना की। उन्होंने भावी शिक्षकों के लिए डिजिटल कौशलों के महत्व और नवीनतम शिक्षण विधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यशाला का आयोजन श्रीमती करुणा मुंशी, निदेशक, श्री सत्य साई विद्या वाहिनी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। स्रोत टीम में केशबा मिश्रा, प्रमुख, मल्टीमीडिया टीम; राधिका बालचंद्रन, नंदिनी नागेश और मुत्या वल्ली देवी सहित श्री सत्य साई संगठन, चंडीगढ़ के स्वयंसेवक शामिल हैं।

पांच दिवसीय गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान एमएस पावरपॉइंट का अनुकूलन, ॥5क्क के माध्यम से इंटरैक्टिव ई-कंटेंट तैयार करना, ऑडियो एवं वीडियो निर्माण, यूट्यूब होस्टिंग, वेब होस्टिंग एवं ब्लॉगिंग, वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग, एआई आधारित शिक्षा संसाधनों और शिक्षा में Responsible AI जैसे विभिन्न विषयों के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महाविद्यालय स्तर पर कार्यशाला का समन्वय डॉ. सुमन खोखर, फैकल्टी सदस्य, सरकारी शिक्षा महाविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा किया जा रहा है, ताकि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभावी समन्वय और सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

काउंसलिंग एवं मनोरोग विभाग का मिशन अस्पताल में उद्घाटन

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला, 6 अक्तूबर (आर. सिंह)

अंबाला शहर के फिलाडेल्फिया मिशन अस्पताल में काउंसलिंग एवं मनोरोग विभाग का औपचारिक उद्घाटन किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक के कुशल नेतृत्व में शुरू किया गया यह विभाग मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और मरीजों को संपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन, मानसिक स्वास्थ्य, डॉ. राजेंद्र राय, नोडल अधिकारी जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं प्रभारी पी.एन.डी.टी. डॉ. मुकेश, कर्नल एस.आर. शर्मा, मेजर हरबंस, अन्य गणमान्य व्यक्ति, अस्पताल के अधिकारी और स्टाफ मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। इसके बाद अस्पताल के कोयर द्वारा 'तेरे बिन मैं कुछ भी नहीं' गीत की आध्यात्मिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह ने काउंसलिंग एवं मनोरोग विभाग के उद्देश्यों, सेवाओं और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से प्रभावित लोगों को वैज्ञानिक और संवेदनशील परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहायता तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक ने फिलाडेल्फिया मिशन अस्पताल की गौरवशाली विरासत, सेवा और मिशन की लंबे समय से चली आ रही परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अस्पताल बदलती स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करने हेतु लगातार प्रयासरत है। काउंसलिंग एवं मनोरोग विभाग की स्थापना इस प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कांग्रेस पार्टी का नया अध्यक्ष बनने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर : सरपंच रुपिंदर कौर

- **बाबा दीप सिंह नगर की सरपंच रुपिंदर कौर ने नवनियुक्त पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष परगट सिंह को दी बधाई**

पैग़ाम-ऐ-जगत/कपूरथला (जसप्रीत सिंह 'धिंजन')

बाबा दीप सिंह नगर की सरपंच मैडम रुपिंदर कौर ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष परगट सिंह को बधाई दी और पार्टी हाईकमान का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सरदार परगट सिंह समझदार और सूझवान नेता हैं। उनके अध्यक्ष बनने से अब पंजाब में कांग्रेस पार्टी के भीतर गुटबाजी समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि 2027 में सरकार बनाने के लिए सभी को वरिष्ठ नेतृत्व के साथ मिलकर प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह का साथ देना चाहिए और एकजुट होकर उनके साथ काम करना चाहिए, ताकि 2027 में कांग्रेस की सरकार बन सके। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार आम आदमी पार्टी ने पंजाब पर लगभग पांच लाख करोड़ रुपये का कर्ज चढ़ा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो नशे को खत्म किया गया है और न ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज जी की बेअदबी के आरोपियों को सजा दी गई है। इसलिए उन्होंने कहा कि पंजाब में एक बेहतर सरकार बननी चाहिए, ताकि पंजाब एक बेहतर राज्य के रूप में उभर सके, नशामुक्त पंजाब बने और बेरोजगारी दूर हो। उन्होंने कहा कि सभी पंजाबवासी सरकारों से उम्मीद रखते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं होगी और सभी मिल-जुलकर काम करेंगे।

अब वर्दी में नजर आएंगे हांसी के ऑटो-ई-रिक्शा चालक

10 अक्टूबर तक निर्धारित वर्दी पहनना अनिवार्य, इसके बाद बिना वर्दी वाहन चलाने पर होगा चालान

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

शहर में ऑटो एवं ई-रिक्शा में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा और चालकों की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित करने के लिए हांसी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। 10 अक्टूबर के बाद बिना निर्धारित वर्दी के ऑटो या ई-रिक्शा चलाने वाले चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार के निर्देशन में यातायात थाना हांसी द्वारा ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य कॉन्ट्रैक्ट कैरिज चालकों के साथ जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने चालकों को यात्रियों की सुरक्षा, चालक की पहचान और यातायात नियमों के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य कॉन्ट्रैक्ट कैरिज चालकों के लिए ग्रे रंग की निर्धारित वर्दी पहनना तथा शर्ट के बाईं ओर निर्धारित बैज लगाना अनिवार्य है। वर्दी से चालक की पहचान आसानी से हो सकेगी और यात्रियों में भी सुरक्षा एवं विश्वास की भावना मजबूत होगी। जागरूकता के दौरान करीब 70 प्रतिशत चालक निर्धारित वर्दी में पाए गए, जबकि शेष चालकों को 10 अक्टूबर तक हर हाल में निर्धारित वर्दी अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद बिना वर्दी वाहन चलाते पाए जाने पर समझाइश के स्थान पर नियमानुसार चालान की कार्रवाई की जाएगी। यातायात थाना प्रभारी ने चालकों को निर्देश दिए कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें, सवारियों को निर्धारित स्थानों पर ही बैठाएं एवं उतारें और वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं।

उन्होंने कहा कि ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक शहर की यातायात व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी जिम्मेदारी सीधे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी है। पुलिस ने चालकों को विशेष रूप से हिदायत दी कि नशे की हालत में किसी भी परिस्थिति में वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ वाहन चलाने की अपील की गई।

डॉ. विनय मल्होत्रा साहित्य कला परिषद ग्वालियर की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 6 अक्तूबर (आर. सिंह)

अंबाला छावनी आधारित प्रसिद्ध शिक्षाविद, राजनीति शास्त्र के अंतरराष्ट्रीय विद्वान एवं कवि तथा मार्कंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. विनय कुमार मल्होत्रा को ग्वालियर (मध्य प्रदेश) की साहित्य कला परिषद की ओर से उनकी साहित्यिक उपलब्धियों और साहित्य के क्षेत्र में शानदार योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही उन्हें 'साहित्य जगत का कोहिनूर पुरस्कार' तथा उनके दो काव्य संग्रहों 'बहुवर्णी' (2025) और 'कवि हृदय' (2026) के लिए 'साहित्य आचार्य' की उपाधि से भी सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार डॉ. मल्होत्रा को परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रमेश कटारिया पारस द्वारा प्रदान किए गए।

उल्लेखनीय है कि डॉ. विनय कुमार मल्होत्रा पंजाबी और हिंदी दोनों भाषाओं में काव्य-रचना करते हैं और मंच पर अपनी प्रस्तुति के लिए जाने जाते हैं। वह अब तक 30 पुस्तकें और करीब 200 लेख प्रकाशित करवा चुके हैं। समकालीन मुद्दों पर उनके लेख अक्सर समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं। वह अंतरराष्ट्रीय लेखक हैं, जिनकी 23 पुस्तकें अंतरराष्ट्रीय संबंधों, अंतरराष्ट्रीय राजनीति और विदेश नीति पर हैं, एक पुस्तक लेखों की है और छह कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

इससे पहले डॉ. मल्होत्रा को साहित्य कलश, पटियाला द्वारा 'साहित्य गौरव सम्मान-2024', भारत की भ्रष्टाचार विरोधी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा रत्न पुरस्कार, इंडियन एसोसिएशन फॉर अमेरिकन स्टडीज द्वारा ओलिव रेडिक पुरस्कार और गिलमोर पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नारनौंद उपमंडल अस्पताल में आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

डीसी राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को नारनौंद के उपमंडल अस्पताल में विशेष मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में

- **भाजपा जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान भी मौजूद रहे**

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि जिला महामंत्री विजेंद्र लोहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने करीब 315 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच करते हुए उनकी समस्याओं के अनुसार आवश्यक परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने, संतुलित आहार लेने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सहित विभिन्न जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है और समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने से अनेक बीमारियों की पहचान शुरुआती स्तर पर ही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं। जिला महामंत्री विजेंद्र लोहान ने भी शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और चिकित्सकों से शिविर में उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से आमजन को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उनके नजदीक उपलब्ध करवाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

शिविर में डॉ. भवनेश, डॉ. राजीव डाबला, डॉ. सीमा, डॉ. गुलशन, डॉ. सविता, डॉ. रेणु शर्मा, डॉ. अभिषेक, डॉ. शुभम सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच करने के साथ-साथ उन्हें बीमारी से बचाव, उपचार तथा नियमित स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए।

शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया। बड़ी संख्या में लोगों द्वारा स्वास्थ्य जांच करवाने पर आयोजकों ने सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के शिविरों से लोगों को एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध होने के साथ-साथ समय पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का पता लगाने में भी मदद मिलती है।

मेगा रक्तदान शिविर में 233 लोगों ने किया रक्तदान

मंत्री अनिल विज ने प्रत्येक रक्तदाता को स्वैच्छिक कोष से 1,100-1,100 रुपये देने की घोषणा की

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला
6 अक्तूबर (आर. सिंह)

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 25 वर्षों के स्वच्छ सार्वजनिक जीवन की स्मृति में सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक देशभर में चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में भाजपा अंबाला छावनी के सदर और शास्त्री मंडल द्वारा आज फारूका खालसा स्कूल में मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 233 लोगों ने रक्तदान किया। मंत्री अनिल विज ने प्रत्येक रक्तदाता को अपने स्वैच्छिक कोष से 1,100-1,100 रुपये देने की घोषणा की।

श्री विज आज रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे और इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मेगा रक्तदान शिविर में लोग रक्तदान करने के लिए कतारों में खड़े हैं, जबकि इसे प्राप्त करने वाले लोगों की कमी है। उन्होंने कहा कि हमारे पास चार डिवीजन हैं और 400 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया था। आज के रक्तदान को देखते हुए हमें उम्मीद है कि हम अपने लक्ष्य से अधिक जाएंगे। ग्रामीण और महेश नगर डिवीजनों में रक्तदान शिविर पहले ही आयोजित किए जा चुके हैं, जबकि शास्त्री और सदर डिवीजनों में आज के मेगा रक्तदान शिविर पूरी तरह भरे हुए हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें हर स्कूल और आंगनवाड़ी का दौरा शामिल है। मोदी के जन्मदिन पर हर जगह दीप जलाए गए थे और सुभाष पार्क में एक बड़ा कार्यक्रम किया गया था। इसी प्रकार चिकित्सा जांच शिविर और रक्तदान शिविरों सहित अन्य सेवा परियोजनाएं 17 अक्तूबर तक आयोजित की जा रही हैं।

मंत्री अनिल विज ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया और उन्हें प्रमाण पत्र भी भेंट किए।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद, भाजपा नेता संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, रवि बुधीराजा, प्रवेश शर्मा, आशीष अग्रवाल, बलित नागपाल, विपिन खन्ना, राजीव गुप्ता, राज कुमार, प्रमोद लक्की, सन्नी तुली, राजू बाली, आरती सहगल, डॉ. शशि लोंगिया, बलकेश वत्स, सुदर्शन सिंह सहगल और बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

परमिंदर सिंह गोल्डी ने खरड़ के वार्ड नंबर 16 और 19 में करीब 2.15 करोड़ रुपये के सड़क विकास कार्य शुरू करवाए

खरड़, 6 अक्तूबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

खरड़ शहर के वार्ड नंबर 16 और 19 में लोगों को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए करीब 2.15 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों के विकास और सुदृढ़ीकरण के कार्य शुरू किए गए। इन विकास कार्यों की शुरुआत पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन स. परमिंदर सिंह गोल्डी ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों और स्थानीय नेताओं की मौजूदगी में करवाई। इस अवसर पर एक नन्ही बच्ची ने रिबन काटकर इन विकास कार्यों की शुरुआत की। वार्ड नंबर 16 में करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से विभिन्न सड़क विकास कार्य करवाए जाएंगे। इनमें गिलको बंगलोज से गिलको विला गेट तक, मुख्य सड़क से गिलको गेट नंबर 1 तक, पानी की टंकी से मार्केट क्षेत्र के गेट नंबर 1 और 2 तक सड़कों के कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही गिलको इंटरनेशनल स्कूल की ओर जाने वाली सड़क और मकान नंबर 802 से मकान नंबर 2000 तक की सड़क का कार्य भी करवाया जाएगा। इसी तरह वार्ड नंबर 19 में करीब 97 लाख रुपये की लागत से विभिन्न गलियों और सड़कों के विकास कार्य किए जाएंगे। इनमें वार्ड की विभिन्न गलियों के अलावा मुख्य गिलको वैली सड़क से गिलको इंटरनेशनल स्कूल तक की सड़क का कार्य भी शामिल है।

निर्माण श्रमिकों के 66 परिवारों को 30.87 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

- **शिक्षा, विवाह व आवास निर्माण के लिए प्रदान की गई वित्तीय मदद : अमन शर्मा**

ऊना, 6 अक्तूबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा जिला ऊना में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके पात्र परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में 66 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 30 लाख 87 हजार 400 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

जिला श्रम कल्याण अधिकारी अमन शर्मा ने बताया कि वितरित वित्तीय सहायता में शिक्षा सहायता योजना के तहत 19 लाभार्थियों को 6 लाख 44 हजार 400 रुपये, विवाह सहायता योजना के तहत 43 लाभार्थियों को 21 लाख 93 हजार रुपये तथा एकल नारी/एकल महिला आवास निर्माण सहायता योजना के तहत 4 पात्र महिलाओं को 2 लाख 50 हजार रुपये की सहायता शामिल है। उन्होंने बताया कि एकल नारी/एकल महिला आवास निर्माण सहायता योजना का उद्देश्य पात्र महिलाओं को आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाना है, ताकि उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। अमन शर्मा ने कहा कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों की शिक्षा, विवाह, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला ऊना में श्रम कल्याण विभाग द्वारा पात्र एवं पंजीकृत निर्माण श्रमिकों तक बोर्ड की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी, व्यवस्थित एवं सुगम तरीके से उपलब्ध हो।

पेज एक का शेष

ज्ञानेश कुमार के...

पुलिस बैरिकेड्स पर चढ़ गए। चुनाव आयोग के ख़िलाफ़ विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच, राहुल गांधी ने बैरिकेड के ऊपर से तिरंगा लहराया।

नीति आयोग इलाके के पास बैरिकेड्स से रास्ता रोके जाने से पहले, प्रदर्शनकारी चुनाव आयोग के दफ़्तर से 250-300 मीटर की दूरी तक पहुँच चुके थे। राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले और विपक्ष के अन्य नेताओं के साथ मिलकर मुख्य चुनाव आयुक्त के ख़िलाफ़ नारे लगाए और कहा कि उनका कार्यकाल खत्म हो चुका है और उन्हें इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। राहुल ने कहा, 'ज्ञानेश, अब बहुत हो गया। इस्तीफ़ा देने का समय आ गया है।'

आठ घंटे के...

आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिलने की मांग कर रहे थे। हालांकि पुलिस ने उनसे परिसर खाली करने को कहा, लेकिन उन्होंने वहां से हटने से इनकार कर दिया। इससे पहले, पुलिस ने संसद से चुनाव आयोग कार्यालय की ओर शुरू हुए मार्च को आकाशवाणी भवन के पास रोक दिया था। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी और डेरेक ओ'ब्रायन समेत कई विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया गया। राहुल गांधी बैरिकेड पर चढ़ गए, जबकि प्रियंका गांधी को भी शुरू में पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। बाद में, दोनों आकाशवाणी भवन परिसर में फिर से एक साथ आए और धरना प्रदर्शन किया।

गुजरात: बोलेरो खड़ी...

बताया कि टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि ट्रेलर आगे खिसक गया और गाड़ी में सवार लोगों के शव हाईवे पर अलग-अलग जगहों पर बिखरे हुए मिले। हादसे में एसयूवी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ितों को बाहर निकालने के लिए एसयूवी के दरवाज़े लोहे की छड़ों से खोलने पड़े। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस सेवाएँ मौके पर पहुँचीं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भावनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि घटना की जाँच की जा रही है।

फर्जी पी.सी.एस....

चेयरमैन अमरिंदर सिंह मंडोफल के मुताबिक, शादी से पहले उन्हें महिला और उसके परिवार की ओर से बताया गया कि वह पी.सी.एस. अधिकारी है और अविवाहित है। उसकी उम्र भी कम बताई गई। इन जानकारियों के आधार पर फरवरी 2026 में दोनों की शादी हुई। अमरिंदर सिंह का आरोप है कि उन्हें महिला की पिछली शादी, तलाक और बेटे की जानकारी जानबूझकर नहीं दी गई। उन्होंने अपनी जांच के दौरान उम्र कम दिखाने के लिए दस्तावेजों में छेड़छाड़ के सबूत मिलने का भी दावा किया है। उनका आरोप है कि गलत पहचान और दस्तावेजों के आधार पर उन्हें शादी के लिए तैयार किया गया।

पंजाब में 'आप'...

कोई भी जानकारी मिले तो सूचित करें। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। आढ़त की दुकान की ओर जा रहे थे सरपंच

तरनतारन के पट्टी क्षेत्र के डीएसपी रवि शेर सिंह ने बताया है कि तूत गांव के सरपंच अश्वनी कुमार उर्फ अश्वनी देवगन को गोलियां मारी गई हैं। उनके साथ मौजूद उनके साथी ड्राइवर चमकौर सिंह को भी गोलियों के छर्रे लगे, जिससे वह भी घायल हुआ है।

चमकौर सिंह ने पुलिस को बताया है कि सरपंच अश्वनी कुमार अपनी कार में सवार होकर एक किराना दुकान स्टोर से निकल कर अपनी आढ़त की दुकान की ओर जा रहे थे। उनकी आढ़त की दुकान दाना मंडी तूत में है। इसी दौरान बाइक पर सवार 2 लोग आए। उन्होंने फायरिंग कर दी।

अमरजीत सिंह चावला...

कानून अपना काम करेगा और किसी भी व्यक्ति को-चाहे उसका पद या प्रभाव कुछ भी हो-न्याय की प्रक्रिया में दखल नहीं देने दिया जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'SIT के गठन से जांच में तेज़ी आएगी और मामले के सभी ज़रूरी पहलुओं की बारीकी से समीक्षा हो सकेगी। प्रतिनिधिमंडल को सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद, दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवता के खिलाफ-और खासकर एक महिला के खिलाफ-यह घिनौना अपराध श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर हुआ है। इस अपराध को करने वाले को ऐसी सज़ा दी जाएगी जो दूसरों के लिए मिसाल बने। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे अपराधी किसी भी नरमी के हकदार नहीं हैं और उन्हें देश के कानून के तहत सख्त से सख्त सज़ा दी जाएगी, ताकि दूसरों के लिए यह एक सबक बन सके। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लंबे समय से लंबित चुनावों को लेकर राज्य सरकार की गंभीर प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि इन चुनावों को कराने में कोई अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी उचित कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि सिख पंथ की एक समृद्ध ऐतिहासिक विरासत है, और सिख संस्थानों तथा व्यापक समुदाय से जुड़े मुद्दों को संवैधानिक और कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ हल किया जाना चाहिए।

ओमान के तट...

सुरक्षा संबंधी चिंताएं जताई जाती रही हैं। हमले में 11 भारतीय क्रू मेंबर घायल हुए। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, जहाज़ पर मौजूद कुल क्रू में 17 भारतीय नागरिक शामिल थे। हमले में 12 क्रू मेंबर घायल हुए, जिनमें 11 भारतीय नागरिक शामिल हैं।

बहरीन मामला : एसजीपीसी...

भेजे गए हैं, और उस व्यक्ति की काफी हद तक पहचान कर ली गई है। उन्होंने बताया कि श्री आनंदपुर साहिब में सराय (यात्री विश्राम गृह) के इंचार्ज अमरीक सिंह भी इसमें शामिल लोगों में से हैं। उन्होंने आगे बताया कि कुछ अन्य कर्मचारियों और वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आई है, और आज शाम तक उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। धामी ने बताया कि बहरीन की एक महिला ने स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए मदद की गुहार लगाते हुए शिरोमणि कमेटी को एक आवेदन दिया था; एग्जीक्यूटिव कमेटी की मंजूरी के बाद, उन्हें एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। उन्होंने अपने आवेदन के साथ कुछ मेडिकल रिपोर्ट भी लगाई थीं, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी एक स्थिति का ज़िक्र था।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद परिसर में लगा सेवा सेतु कैंप, एक ही छत के नीचे मिली जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल,नागरिकों ने योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ के लिए किए आवेदन

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को स्थानीय नगर परिषद कार्यालय परिसर में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया।

एडीसी एवं डीएमसी लक्षित सरीन के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को विभागों से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

सेवा सेतु कैंप में नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने स्टॉल पर मौजूद रहकर नागरिकों की समस्याओं और आवश्यकताओं को सुना। शिविर में पहुंचे नागरिकों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा संबंधित योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। पात्र नागरिकों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए मौके पर ही आवेदन भी किए। शिविर में नागरिकों को सरकारी

योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई।

विभागीय अधिकारियों ने लोगों को योजनाओं से संबंधित उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए बताया कि पात्र नागरिक किस प्रकार संबंधित विभाग के माध्यम से योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। नगर परिषद अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी ने शिविर का अवलोकन करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों की जानकारी ली तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नागरिकों को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा मिलती है। एडीसी एवं डीएमसी लक्षित सरीन ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु कैंप का उद्देश्य सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आमजन के और अधिक करीब पहुंचाना है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक को योजनाओं की सही एवं पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए तथा पात्र नागरिकों के आवेदन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समयबद्ध तरीके से निपटाए जाएं।

सेवा सेतु कैंप में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉलों का लाभ उठाया। शिविर के माध्यम से नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत इस प्रकार के आयोजन जनभागीदारी को बढ़ावा देने और पात्र नागरिकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सड़क पर सावधानी जरूरी, यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित घर पहुंचें : एसपी विनोद कुमार

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

- **हेलमेट-सीट बेल्ट को आदत बनाएं, तेज रफ्तार और मोबाइल से दूरी रखें; सड़क पर वाहन खड़ा करने से बचें**

पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार के दिशा-निर्देशन में हांसी पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और यातायात नियमों का पालन कर खुद के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

हांसी पुलिस की आमजन से अपील है कि यातायात नियम केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जिंदगी सुरक्षित रखने के लिए हैं। सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही गंभीर हादसे का कारण बन सकती है।

वाहन चलाते समय इन बातों का रखें विशेष ध्यान

हेलमेट जरूर पहनें

दोपहिया वाहन चलाते समय चालक और पीछे बैठने वाला व्यक्ति भी मानक हेलमेट का प्रयोग करें।

सीट बेल्ट जरूर लगाएं

कार में चालक सहित सभी यात्रियों को सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए।

ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का प्रयोग न करें

मोबाइल पर बात करने या मैसेज देखने से ध्यान भटकता है और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

तेज रफ्तार से बचें

निर्धारित गति सीमा का पालन करें और सड़क व मौसम की स्थिति के अनुसार वाहन चलाएं।

नशे में वाहन न चलाएं

शराब या किसी अन्य नशे की हालत में वाहन चलाना खुद के साथ दूसरों की जिंदगी को भी खतरे में डालता है।

रेड लाइट और यातायात संकेतों का पालन करें

रेड लाइट जंप न करें और यातायात संकेतों की अनदेखी न करें।

कुछ मिनट बचाने के लिए गलत दिशा में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें।

सड़क पर या सड़क के किनारे गलत तरीके से वाहन खड़ा करने से यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। वाहन को निर्धारित पार्किंग स्थान पर ही खड़ा करें।

विशेषकर बारिश, धुंध और खराब मौसम में वाहन चलाते समय पर्याप्त दूरी बनाए रखें।

अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड या अन्य आपातकालीन वाहन आने पर उन्हें तुरंत रास्ता दें। हांसी पुलिस की आमजन से अपील है कि सड़क पर जिम्मेदारी से वाहन चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। आपकी छोटी सी सावधानी किसी बड़े हादसे को रोक सकती है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत हांसी में आयोजित होगी विकसित भारत सेवा संकल्प सभा, सेवा ज्योति यात्रा के जरिए जन-जन तक पहुंचेगा जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश : डीसी राहुल नरवाल

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

सेवा संकल्प अभियान के तहत हांसी के एसडी महिला महाविद्यालय में बुधवार को विकसित भारत सेवा संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विनोद भयाना होंगे।

- **विधायक विनोद भयाना होंगे मुख्य अतिथि, सेवा ज्योति यात्रा को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना, चौक पर मशाल को भी करेंगे स्थापित**

डीसी राहुल नरवाल ने वीसी सभागार में बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की ओर बताया कि विधायक विनोद भयाना कार्यक्रम के दौरान सेवा ज्योति यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा, जनभागीदारी और जनकल्याण की भावना को मजबूत करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राजेश ठकराल, नगर परिषद हांसी के अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी तथा ब्लॉक समिति के प्रधान विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:15 बजे होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक विभाग की टीम द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

इससे पहले सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त केएम पांडुरंग ने गुरुग्राम से वीसी के माध्यम सभी उपायुक्त सहित जिला अधिकारियों को आवश्यक जानकारी एवं निर्देश दिए। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि विकसित भारत सेवा संकल्प सभा के बाद सेवा ज्योति यात्रा को रवाना किया जाएगा। यात्रा में जिलेभर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विद्यार्थी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा नागरिक शामिल होंगे। यात्रा जिले की चारों दिशाओं में जाकर आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी देगी।

सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की पात्रता, उपलब्ध सेवाओं तथा इनका लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों और जनभागीदारी के महत्व का संदेश भी आमजन तक पहुंचाया जाएगा। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शहर के एक प्रमुख चौक पर मशाल स्थापित की जाएगी। यह मशाल सेवा, संकल्प, जनभागीदारी और विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक होगी। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को सेवा भावना के साथ समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी निभाने का संदेश दिया जाएगा।

विकसित भारत सेवा संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों को लेकर उपायुक्त राहुल नरवाल की अध्यक्षता में जिला सचिवालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने दोनों कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां निर्धारित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त राहुल नरवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा तथा अन्य प्रबंधों को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सेवा और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं और सेवाओं से जोड़ना है। बैठक में एसडीएम राजेश खोथ, सीटीएम हिमांशु चौहान, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अशोक कुमार ,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, भाजपा युवा जिला अध्यक्ष सुखविंदर जाखड़, विनोद चैनोत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कैंटर में 15 गौवंश को ठूंस-ठूंसकर क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
6 अक्तूबर (प्रवीण वालिया)

- **अमृतसर से गौवंश एकत्र कर आगे तस्करी करने का खुलासा, अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में पशुओं के प्रति क्रूरता तथा अवैध रूप से पशुओं के परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना असंध पुलिस ने कैंटर में गौवंश को ठूंस-ठूंसकर क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाने के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना असंध प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक यशपाल की टीम ने मामले में शामिल तीसरे आरोपी गुरमाज सिंह पुत्र जगिंदर, निवासी रायपुर कला, अमृतसर, पंजाब को काबू किया।

मामले की जानकारी देते हुए अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी के दो अन्य साथियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कृष्णचंद पुत्र लालन, निवासी बालकरणपुर, इलाहाबाद तथा महेन्द्र पुत्र जवाहरलाल, निवासी जोगीपुर, सिसवा, इलाहाबाद के रूप में हुई थी।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि दिनांक 02 अक्तूबर 2026 की रात पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक कैंटर में बड़ी संख्या में गौवंश को अमृतसर की तरफ से भरकर उत्तर प्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा स्टेट हाईवे-152डी पर गांव खेड़ी सरफली के पास नाकाबंदी की गई और संदिग्ध कैंटर को काबू किया गया।

कैंटर की जांच करने पर उसमें 15 गायों को ठूंस-ठूंसकर अत्यंत क्रूरतापूर्वक लादा हुआ पाया गया। इस संबंध में थाना असंध में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहन पूछताछ में मामले में आरोपी गुरमाज सिंह की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया।

रिमांड के दौरान आरोपी गुरमाज सिंह से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह अमृतसर से गौवंश को एकत्र कर आगे उनकी तस्करी करने का काम करता था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के अन्य संभावित साथियों एवं इस अवैध गतिविधि में उनकी संलिप्तता के संबंध में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।

सिटी हार्ट पब्लिक स्कूल रतिया में अग्रवाल वैश्य समाज के सहयोग से हर्षोल्लास से मनाई गई महाराज अग्रसेन जयंती

पैगाम-ऐ-जगत
रतिया/6 अक्टूबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

सिटी हार्ट पब्लिक स्कूल रतिया में अग्रवाल वैश्य समाज के सहयोग से महाराजा अग्रसेन जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जी के जीवन परिचय पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान पर्यवेक्षक के तौर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेता तनेजा जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल रतिया प्रधान लवकेश मित्तल संरक्षक प्रहलाद मित्तल सह संरक्षक जनक राज वरिष्ठ उप प्रधान सोमनाथ गर्ग उप प्रधान संजय गर्ग महासचिव हिमांशु

गर्ग सोशल मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने प्रतियोगिता का निरीक्षण किया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाराजा अग्रसेन जी के महान व्यक्तित्व उनके आदर्शों तथा समाज के प्रति उनके योगदान से परिचित करवाना था।

इस अवसर पर विद्यालय में महाराज अग्रसेन जी के जीवन एवं उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों का स्मरण भी किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि महाराज अग्रसेन जी ने समाज में समानता भाईचारे, सेवा, सहयोग और मानव कल्याण की भावना को सदैव महत्व दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकता एवं सद्भावना के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के इस साथ महाराज अग्रसेन जी को नमन किया विद्यालय में अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन के जीवन चरित्र एवं एक मिनट एक रुपया के सिद्धांत को रचनात्मक के साथ जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती श्वेता तनेजा ने महाराजा अग्रसेन जी को नमन करते हुए कहा कि उनके जीवन एवं विचारों से हमें सेवा, त्याग ,परोपकार और सामाजिक एकता की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सभी के मन में महाराजा अग्रसेन जी के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की भावना को ओर दृढ़ किया।

मुख्य सिपाही राजेंद्र कुमार सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत, एसपी निकिता खट्टर ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं

पैगाम-ऐ-जगत/फतेहाबाद
6 अक्टुबर (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

पुलिस विभाग में पदोन्नति अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा तथा उत्कृष्ट सेवाओं का सम्मान है। इसी क्रम में मुख्य सिपाही पद से पदोन्नत होकर सहायक उप निरीक्षक बने राजेंद्र कुमार को पुलिस अधीक्षक *श्रीमती निकिता खट्टर, आईपीएस* ने अपने कार्यालय में स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती निकिता खट्टर, आईपीएस* ने कहा कि पदोन्नति किसी भी अधिकारी के लिए गर्व और सम्मान का अवसर होने के साथ-साथ बढ़ी हुई जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। उन्होंने नवपदोन्नत सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आमजन की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग में प्रत्येक पद का अपना महत्व है और प्रत्येक अधिकारी की कार्यशैली, व्यवहार एवं कर्तव्यनिष्ठा से पुलिस की सकारात्मक छवि और अधिक सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति उनके अनुभव, कार्यकुशलता और

- **पदोन्नति को बढ़ी जिम्मेदारियों का प्रतीक बताते हुए एसपी ने कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना से कार्य करने का किया आह्वान**

सेवाभाव का सम्मान है। उन्हें विश्वास है कि सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार भविष्य में भी पूरी लगन, निष्ठा एवं पेशेवर दक्षता के साथ विभाग की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। पदोन्नति के अवसर पर सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विभाग द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं कर्तव्यभावना के साथ निर्वहन करेंगे तथा जनसेवा और विभाग की गरिमा बनाए रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार को पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं।

भूना शहर में पेयजल व सीवरेज कनेक्शन मंजूर करवाने के लिए चार टीमें गठित

उपभोक्ता मात्र 1550 रुपये में करवाएं पानी व सीवरेज कनेक्शन मंजूर, वर्तमान में रोड कट चार्ज भी माफ

पैग़ाम-ऐ-जगत
रतिया/भूना, 6 अक्टूबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद द्वारा भूना शहर में पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शनों को नियमानुसार मंजूर करवाने तथा अनधिकृत कनेक्शनों को नियमित करने के उद्देश्य से विभागीय कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शर्मा चंद लाली, जिला सलाहकार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कनेक्शन नियमित करवाने के अभियान की समीक्षा की तथा शहर में कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

शर्मा चंद लाली ने बताया कि शहर में अनेक उपभोक्ताओं के पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन अभी तक विभाग से नियमानुसार मंजूर नहीं करवाए गए हैं। ऐसे कनेक्शनों को नियमित करवाने के लिए विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत भूना शहर को अलग-अलग क्षेत्रों में कवर करने के लिए चार विशेष टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इन टीमों का मुख्य कार्य शहर में जाकर उपभोक्ताओं से संपर्क करना, उन्हें पानी एवं सीवरेज कनेक्शन मंजूर करवाने की आवश्यकता के बारे में

जागरूक करना, आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाना तथा नियमानुसार कनेक्शन मंजूर करवाने की प्रक्रिया में सहयोग करना रहेगा।

चार टीमों की जिम्मेदारी तय

प्रथम टीम में निर्मला रानी, कांता रानी एवं संदीप कुमार को नियुक्त किया गया है।

द्वितीय टीम में सुमन रानी, वीरभान सिंह एवं महेंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।

तीसरी टीम में सतीश कुमार, सुशील कुमार एवं संदीप कुमार को नियुक्त किया गया है।

चौथी टीम में दुष्यंत कुमार, सुनील कुमार एवं कांता रानी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इन चारों टीमों द्वारा भूना शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं से संपर्क किया जाएगा तथा जिन घरों में पानी एवं सीवरेज कनेक्शन अभी तक मंजूर नहीं हैं, उन्हें नियमानुसार कनेक्शन मंजूर करवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। शर्मा चंद लाली ने बताया कि अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने और सभी टीमों के कार्य की नियमित निगरानी के लिए राकेश कुमार, खंड संयोजक भूना की ड्यूटी लगाई गई है। राकेश कुमार चारों टीमों के कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे तथा अभियान की प्रगति की जानकारी विभाग को उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान उपभोक्ताओं से अच्छे व्यवहार के साथ संपर्क किया जाए और उन्हें विभागीय नियमों के अनुसार कनेक्शन मंजूर करवाने के फायदे तथा प्रक्रिया की जानकारी दी जाए।

शर्मा चंद लाली ने शहरवासियों को जानकारी देते हुए कहा कि पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन की फीस मात्र 1550 रुपये है। इसलिए उपभोक्ताओं को अपने कनेक्शन को नियमानुसार मंजूर करवाने में देरी नहीं करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उपभोक्ताओं के लिए एक और महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध है। कुछ समय के लिए रोड कट चार्ज माफ किया गया है। इसका सीधा लाभ उन उपभोक्ताओं को मिल सकता है जो अभी अपने कनेक्शन मंजूर करवाते हैं।

उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि रोड कट चार्ज की वर्तमान छूट का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने पानी एवं सीवरेज कनेक्शन जल्द से जल्द विभाग से मंजूर करवाएं। उन्होंने कहा कि यह छूट सीमित समय के लिए है और भविष्य में रोड कट चार्ज दोबारा लागू हो सकता है, जिसके बाद उपभोक्ताओं को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ सकता है।

शर्मा चंद लाली ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को अपने कनेक्शन नियमित करवाने के लिए पर्याप्त अवसर और सुविधा दी जा रही है। इसके बावजूद यदि कोई व्यक्ति अपने पेयजल या सीवरेज कनेक्शन को विभाग से मंजूर नहीं करवाता है और अनधिकृत रूप से कनेक्शन का उपयोग करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा अनधिकृत कनेक्शनों की जांच भी की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर ऐसे कनेक्शनों को बंद किया जा सकता है। इसलिए शहरवासियों को किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए अपने कनेक्शन को नियमानुसार मंजूर करवाना चाहिए।

'मेरा घर-मेरे नाम' योजना के तहत लाभार्थियों को बुधवार को दिए जाएंगे मालिकाना हक वाले कार्ड : डिप्टी कमिश्नर

संबंधित अधिकारियों को पूरी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के निर्देश

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

पंजाब सरकार द्वारा गांवों में लाल लकीर के दायरे में बने मकानों के मालिकाना हक प्रदान करने के लिए 'मेरा घर-मेरे नाम' योजना के तहत जिले में प्रॉपर्टी कार्ड वितरित करने की शुरुआत बुधवार से की जा रही है, जिसके संबंध में प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

'मेरा घर-मेरे नाम' योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड वितरण की प्रक्रिया को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने कहा कि लाल लकीर के अंदर बने घरों के मालिकाना हक वाले कार्ड बुधवार से चरणबद्ध तरीके से वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन कार्डों के वितरण की शुरुआत शामचुरासी विधानसभा क्षेत्र के गांव हाजी खानपुर, चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र के गांव बठुल्ला, दसूहा हलके के गांव गंगा चक्क, टांडा के गांव रसूलपुर, मुकेरियां के गांव चक्क सरवाणी और गढ़शंकर के गांव रसूलपुर से की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 300 से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड देकर इन परिवारों को मालिकाना हक प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद

जिले में चरणबद्ध तरीके से यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने कहा कि योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए गांव स्तर पर समितियों का गठन किया गया है, ताकि आवश्यक प्रक्रिया को कम से कम समय में पूरा किया जा सके।

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न सब-डिवीजनों में योजना के तहत चल रही प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि लाभार्थियों को उनके प्रॉपर्टी कार्ड जल्द से जल्द सौंपे जा सकें। जिला राजस्व अधिकारी अमनदीप चावला ने बताया कि 'मेरा घर-मेरे नाम' योजना के तहत लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित करने के लिए गांवों में चल रही प्रक्रिया को समय पर पूरा कर उनके मालिकाना हक वाले कार्ड सौंपे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार द्वारा लाल लकीर के निवासियों को उनके घरों के मालिकाना हक की कानूनी मान्यता प्रदान करने के लिए प्रॉपर्टी कार्ड उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, जिससे लाभार्थी विभिन्न प्रकार के विकास एवं आर्थिक कार्यों के लिए अपनी संपत्ति का उपयोग कर सकते हैं।

'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व 24 नवंबर को मनाया जाएगा

- 22 नवंवर को नगर कीर्तन तथा 24 को गुरमति समागम होगा

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
06 अक्तूबर (प्रवीण वालिया)

श्री गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर 22 नवंबर तथा 24 नवंबर को गुरुद्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा सुक्खा सिँह की अगुवाई में नगर कीर्तन एवं गुरमति समागम आयोजित किया जाएगा।इस अवसर पर अटूट लंगर बरता जाएगा। गुरमति समागम 24 नवबंर को सुबह 9-00 से दोपहर 3.00 बजे तक और शाम 6-00 से रात्रि 10-30 बजे तक होगा।

इससे पहले नगर कीर्तन 22 नवम्बर रविवार को निकाला जाएगा। यह जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान बीरेंद्र सिंह तथा महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि 22 नवबंर को नगरकीर्तन गुरुद्वारा डेरा कार सेवा एवं गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली से प्रात: 10-30 बजे आरम्भ होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक, दावत होटल रोड, अस्पताल चौक,

कुंजपुरा रोड, सब्जी मंडी से होता हुआ गुरुद्वारा डेरा कार सेवा कलन्दरी गेट में समाप्त होगा। उसके बाद गुरमति समागम 24 नवबंर को गुरुद्वारा डेरा कारसेवा मेसुबह नौ बजे से मनाया जाएगा। इस अवसर पर रागी, ढाडी एवं प्रचारक जत्थे पहुँच रहे हैं।

इनमें भाई बलविन्द्र सिंह लाडी जी (हजूरी रागी, श्री दरबार साहिब, श्री अमृतसर साहिब) भाई गुरप्रीत सिंह (हजूरी रागी, गुरुद्वारा श्री पौंटा साहिब) भाई पलविन्द्र सिंह जी (हजूरी रागी, गु: शीश गंज साहिब पा: नौवीं, तरावड़ी) कीर्तन भाई गुलाब सिंह जी, गु: शहीद बाबा दीप सिंह जी, सैक्टर 32, करनाल भाई अमृतपाल सिंह जी (हैंड ग्रंथी, गुरुद्वारा मंजी साहिब पा: पहली, करनाल) भाई बलविन्द्र सिंह जी (हजूरी रागी, गुरुद्वारा मंजी साहिब पा: पहली, करनाल) भाई गुरसेवक सिंह जी (हजूरी रागी गु: श्री गुरु सिंह सभा, माडल टाऊन, करनाल) इस अवसर पर विद्यार्थी गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, करनाल दरबार हाल एवं रहरासि साहिब के पाठ की सेवा भाई मंजूर सिंह जी करेंगे। (स्टेज सैक्ट्री की सेवा भाई दर्शन सिंह जी । इस अवसर पर अटूट लंगर बरता जाएगा।

सुख-आश्रय से आत्मनिर्भर बने जसविंदर, तीन युवाओं को भी दिया रोजगार

- सीएम सुक्खू की पहल से मिली दो लाख रुपये की सहायता से शुरू किया अपना व्यवसाय

ऊना, 6 अक्तूबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत मिली दो लाख रुपये की सहायता ने ऊना के जसविंदर सिंह के लिए अपने पैरों पर खड़े होने की राह आसान कर दी। बंगाणा क्षेत्र के तलाई गांव के 23 वर्षीय जसविंदर ने मकरैड़ में 'जॉनी इलेक्ट्रिकल' के नाम से अपनी दुकान शुरू की है। माता-पिता को कम उम्र में खोने के बाद चाचा-चाची के सहयोग से आईटीआई की पढ़ाई पूरी करने वाले जसविंदर आज अपने व्यवसाय से 15 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह कमा रहे हैं और साथ ही तीन युवाओं को रोजगार भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर शुरू की गई मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में स्वरोजगार के लिए मिली दो लाख रुपये की सहायता ने जसविंदर के उस सपने को पूरा करने में मदद की, जिसे वे आईटीआई के दिनों से संजोए हुए थे।

महज 20 वर्ष की उम्र में आईटीआई की पढ़ाई के दौरान जसविंदर ने अपने माता-पिता को खो दिया। इसके बाद उनके चाचा-चाची ने उनकी देखभाल की। परिवार की आर्थिक स्थिति सीमित होने के बावजूद उन्होंने जसविंदर की पढ़ाई जारी रखने में सहयोग किया और आईटीआई की शेष फीस तथा अन्य खर्च उठाकर उन्हें इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण पूरा करने में मदद की। जसविंदर बताते हैं कि उन्हें शुरू से ही बिजली के काम में रुचि थी। आईटीआई के



दौरान और उसके बाद उन्होंने स्थानीय दुकानदारों के साथ काम करते हुए लेंटर में पाइपिंग, वायरिंग और बिजली से जुड़े अन्य कार्यों का व्यावहारिक अनुभव हासिल किया। इसी दौरान अपना काम शुरू करने की इच्छा भी मजबूत होती गई, लेकिन पूंजी की कमी बड़ी बाधा थी। इसी बीच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से उन्हें मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना की जानकारी मिली। उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय, ऊना में आवेदन किया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें स्वरोजगार के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिली। इस सहायता से उन्होंने मकरैड़ में 'जॉनी इलेक्ट्रिकल' के नाम से अपनी दुकान शुरू की। आज जसविंदर अपने व्यवसाय से 15 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह कमा रहे हैं। उन्होंने अपने काम का विस्तार करते हुए विवाह समारोहों और सेवानिवृत्ति समारोहों के लिए साउंड सिस्टम की सुविधा भी शुरू की है।

अपना व्यवसाय शुरू करने के बाद जसविंदर ने अपनी दुकान पर तीन युवाओं को भी काम का अवसर दिया है। ये युवा उनके साथ काम करने के साथ-साथ इलेक्ट्रिकल कार्यों का व्यावहारिक अनुभव भी हासिल कर रहे हैं।

जसविंदर सिंह मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि कठिन परिस्थितियों में सरकार से मिली आर्थिक सहायता उनके लिए महत्वपूर्ण सहारा बनी। योजना के तहत मिली मदद से वे अपनी दुकान शुरू कर पाए और आज अपने काम से परिवार की जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना विशेष देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों और युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सहायता प्रदान कर रही है। योजना के तहत पात्र बच्चों और युवाओं को हर माह चार हजार रुपये की आर्थिक सहायता के अलावा स्वरोजगार शुरू करने के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है।

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि मुख्यमंत्रीश्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुरूप जिला प्रशासन मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का लाभ प्रत्येक पात्र बच्चे तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र बच्चा योजना के लाभ से वंचित न रहे।

नशे के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

ऊना, 6 अक्तूबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊना द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चक्क सराय में कक्षा 7वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए नशे के

- नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : शिखा लखनपाल

दुरुपयोग, दुष्प्रभावों एवं नशे के उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊना की सचिव शिखा लखनपाल ने विद्यार्थियों को नालसा (नशे के दुरुपयोग के पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशे के दुष्प्रभावों के उन्मूलन) योजना, 2015, नालसा की डीएडबल्यूएन (ड्रग एवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन- फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) योजना, 2025 तथा स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी प्रदान की।

उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाते हुए नशे से बचाव के विभिन्न उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता, परिवार का सहयोग तथा युवाओं की सकारात्मक सोच बेहद महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहते हुए अपने साथियों एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे की रोकथाम में कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही, नशे की समस्या से प्रभावित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सहायता एवं अन्य सहायता सेवाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक एवं संवेदनशील बनने तथा स्वस्थ, सुरक्षित और नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

संत ढांगु वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में CSCA का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

पैग़ाम-ऐ-जगत/हरोली/ऊना
6 अक्तूबर (राजवीर चोपड़ा)

संत ढांगु वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेज छात्र केंद्रीय परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमिक्षा गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई।

समारोह में नैंसी (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने अध्यक्ष, प्रीति (बी.ए.

द्वितीय वर्ष) ने उपाध्यक्ष, खुशबू (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने सचिव तथा सिमरन देवी (बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) ने संयुक्त सचिव के रूप में शपथ ग्रहण की। इनके अतिरिक्त 24 अन्य छात्रों ने भी ष्टस्ष्ट सदस्य के रूप में शपथ ली।

कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. गुरजीत कौर ने किया। प्राचार्या डॉ. सुमिक्षा गुप्ता ने नवनिर्वाचित CSCA पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों से महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रो. रितु जसवाल, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. गुरमेल सिंह, डॉ. बुट्टा राम, प्रो. रमेश कुमार, प्रो. शिवेंद्र श्रीवास्तव सहित गैर शिक्षक कर्मचारी पवन कुमार, ब्रिंदर मोहन एवं अशोक कुमार उपस्थित रहे। समारोह का आयोजन सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

पंजाब सरकार और दिल्ली के धाड़वी पंजाबियों की आवाज़ नहीं दबा सकते : विजय सांपला

मुख्यमंत्री की 'लोक मिलनी' से पहले भाजपा नेता समेत हुई गिरफ्तारियों की निंदा

पैग़ाम-ऐ-जगत
जालंधर (दलजीत अजनोहा)

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री विजय सांपला ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के मानसा जिले के फत्ता मलूका गांव में 'सत्थ समारोह' से पहले किसानों, शिक्षकों और भाजपा नेताओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की है।

विजय सांपला ने पार्टी कार्यालय से जारी बयान में कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री लोगों को जेलों में डालकर पंजाबियों की आवाज़ बंद नहीं कर सकते। यह बात आम आदमी पार्टी के नेतृत्व और खासकर पंजाब के मुख्यमंत्री को समझ लेनी चाहिए। पंजाब सरकार न तो पंजाब के लोगों की आवाज़ को बंद कर सकती है और न ही इसे चलाने वाले दिल्ली के धाड़वी ऐसा कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लोगों के साथ सीधे संवाद के लिए आयोजित की जा रही 'लोक मिलनी' से पहले ही लोगों की आवाज़ रोकने का प्रयास गैर-लोकतांत्रिक रवैया है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुलिस ने विभिन्न स्थानों से शिक्षक और किसान नेताओं को हिरासत में लिया। इसी तरह बरेटा में भाजपा नेता गगनदीप शर्मा को भी उनके घर से उठा लिया गया। उन्होंने कहा कि यदि लोग मुख्यमंत्री के सामने अपने मुद्दे और सवाल रखना चाहते हैं तो उन्हें रोकने की बजाय संवाद का अवसर दिया जाना चाहिए।

विजय सांपला ने कहा कि शिक्षकों की मांगें, सरकारी स्कूलों में स्टाफ की कमी और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे पहले से ही चर्चा में हैं। इन सवालों के जवाब देने की बजाय नेताओं को हिरासत में लेना उचित नहीं है। इसी तरह जिन आप नेताओं ने किसान मोर्चे के दौरान किसानों की ट्रॉलियां चोरी की थीं, उसका जवाब पंजाब सरकार को देना ही पड़ेगा।

नगर निगम में भ्रष्टाचार पर कांग्रेस का हल्लाबोल: गेट पर पुलिस से धक्का-मुक्की, भ्रष्टाचार के विरोध में की 'नकली नोटों की बारिश'

प्रॉपर्टी ID के नाम पर जनता की प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं : करनाल में भड़की कांग्रेस, फूंका निगम का पुतला

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, (प्रवीण वालिया)

नगर निगम करनाल में कथित भ्रष्टाचार और आम जनता को हो रही परेशानियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष पराग गाबा की अध्यक्षता और युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजत लाठर की अगुवाई में जोरदार रोष प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम कार्यालय के बाहर नकली 500-500 रुपये के नोटों की बारिश कर भ्रष्टाचार का प्रतीकात्मक विरोध जताया और नगर निगम के भ्रष्टाचार का पुतला फूंका।

प्रदर्शन के दौरान जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम कार्यालय के अंदर जाने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कार्यकर्ताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जनता को राहत देने, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

'जनता को परेशान करने वाली व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी' – पराग गाबा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि करनाल नगर निगम में भ्रष्टाचार को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं और आम जनता अपने जायज कामों के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की जिम्मेदारी केवल सवाल उठाना नहीं, बल्कि जनता की आवाज बनकर उसके साथ मजबूती से खड़ा होना भी है।

गाबा ने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी के मामलों में लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। सामान्य प्रक्रिया के तहत प्रॉपर्टी आईडी का काम निर्धारित समय में पूरा होकर स्वीकृत या अस्वीकृत होना चाहिए, लेकिन लोगों की फाइलें दो-दो और ढाई-ढाई महीने तक लंबित रहती हैं।

उन्होंने कहा, 'जिस व्यक्ति ने अपनी मेहनत की कमाई से घर या जमीन बनाई है, उसे अपनी ही संपत्ति से जुड़े कागज के लिए महीनों तक दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ें, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जनता की परेशानी को समझना और उसका समय पर समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।'

पराग गाबा ने कहा कि इस तरह की अनावश्यक देरी से भ्रष्टाचार की शिकायतों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की समस्याओं को केवल कागजों पर नहीं छोड़ेगी, बल्कि सड़क से लेकर नगर निगम कार्यालय तक उनकी आवाज मजबूती से उठाएगी।

उन्होंने नगर निगम से जुड़े रिश्वतखोरी के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि मेयर के पीए से जुड़े रिश्वत मामले के बाद अब नगर निगम के एक क्लर्क के 5,000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़े जाने से व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गाबा ने कहा कि जनता के पैसे और अधिकारों के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस करनाल की जनता के साथ खड़ी है और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज लगातार बुलंद करती रहेगी।

'जीरो टॉलरेंस का दावा करने वालों से जनता जवाब मांग रही है' – रजत लाठर

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजत लाठर ने कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार और प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी समस्याओं को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का नारा दिया था, लेकिन करनाल में जनता आज भी भ्रष्टाचार और सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठा रही है।

'खेडां वतन पंजाब दीयां' में विद्या मंदिर की छात्रा गुरलीन कौर ने जूडो में जीता स्वर्ण पदक

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

'खेडां वतन पंजाब दीयां' के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल, शिमला पहाड़ी, होशियारपुर की कक्षा 12वीं की छात्रा गुरलीन कौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

यह जूडो मुकाबला 4 अक्टूबर 2026 को आउटडोर स्टेडियम, होशियारपुर में आयोजित किया गया। गुरलीन कौर ने अपने बेहतरीन खेल कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल

कर स्कूल का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधान अनुराग सूद, सचिव डॉ. हर्षविंदर सिंह पठानिया तथा प्रिंसिपल शोभा रानी ने विजेता खिलाड़ी गुरलीन कौर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्रा की यह सफलता उसकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है तथा यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

जूडो कोच जगमोहन कैन्थ ने भी गुरलीन कौर को उसकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और मेहनत के बल पर खिलाड़ी भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकती है।

स्कूल प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने गुरलीन कौर की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उसे भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वह इसी प्रकार अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करती रहेगी।

चुनी हुई पंचायत को 'आप' में शामिल करवाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही है सरकार : अकाली आगू

- मंत्री रवजोत के कथित राजनीतिक दबाव के आगे झुका प्रशासन, कानून की धज्जियां उड़ाने का अकाली दल ने किया कड़ा विरोध

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

शिरोमणि अकाली दल के जिला प्रधान संजीव तलवाड़ ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि सत्ता के नशे में सरकार द्वारा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और सरकारी मशीनरी के कथित राजनीतिक दुरुपयोग की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा हलका शाम चुरासी के गांव कक्को की लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई पंचायत को आम आदमी पार्टी में शामिल करवाने के लिए इलाके के विधायक एवं मंत्री डॉ. रवजोत द्वारा कथित तौर पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

संजीव तलवाड़ ने कहा कि जब चुनी हुई पंचायत ने राजनीतिक दबाव के आगे झुकने से इनकार किया तो कथित तौर पर सरकारी तंत्र का पंचायत के खिलाफ इस्तेमाल करते हुए अपने ही डायरेक्टर के आदेशों को दरकिनार कर गांव कक्को में प्रशासक नियुक्त कर दिया गया।

तलवाड़ ने कहा कि पंजाब में लोगों ने पंचायतों को वोटों के जरिए चुना है, किसी मंत्री की मर्जी से नहीं। यदि सरकार को पंचायतों के चुनाव के नतीजे पसंद नहीं हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि सरकारी अधिकारियों का कथित तौर पर राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल किया जाए।

तलवाड़ ने कहा कि अधिकारी याद रखें कि सरकारें पांच साल के लिए होती हैं, लेकिन कानून और संवैधानिक संस्थाएं स्थायी होती हैं। किसी राजनीतिक नेता को खुश करने के लिए कानूनी प्रक्रिया को नजरअंदाज करना भविष्य में अधिकारियों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

इस मौके पर शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता जतिंदर सिंह लाली बाजवा ने कहा कि चुनी हुई पंचायत को राजनीतिक तौर पर तोड़ने की कोई भी कोशिश लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि अकाली दल गांव-गांव जाकर सरकार की इस कथित धक्केशाही को लोगों के सामने उजागर करेगा। हलका शाम चुरासी के इंचार्ज संदीप सीकरी ने कहा कि डॉ. रवजोत को समझ लेना चाहिए कि लोगों द्वारा चुने प्रतिनिधियों को डराने-धमकाने या सरकारी तंत्र के जरिए दबाने का दौर ज्यादा देर तक नहीं चल सकता। उन्होंने कहा कि यदि पंचायत के मान-सम्मान और लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल नहीं किया गया तो शिरोमणि अकाली दल द्वारा संघर्ष को और तेज किया जाएगा।

इस संबंध में डिप्टी कमिश्नर होशियारपुर के नाम अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर को मांग पत्र सौंपते हुए अकाली नेताओं ने मांग की कि गांव कक्को की पंचायत के साथ हुई कार्रवाइयों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और यदि किसी अधिकारी या राजनीतिक व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। इस मौके पर बार काउंसिल के प्रधान शमशेर भारद्वाज, महासचिव इंदरजीत सिंह कंग, जसविंदर सिंह, भूपिंदर सिंह, गुरविंदर धुग्गा, मनप्रीत संधू, गुरप्रीत कोहली सहित अन्य अकाली नेता उपस्थित थे।

एन.आई.जी.एफ. हरियाणा चैप्टर का वार्षिक अधिवेशन आदेश मेडिकल कॉलेज में आयोजित

विशेषज्ञों ने महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षित मातृत्व और आपातकालीन उपचार कौशल पर की चर्चा

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 6 अक्तूबर (आर. सिंह)

एनआईजीएफ हरियाणा चैप्टर का वर्ष 2026 का वार्षिक अधिवेशन आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मोहड़ी में आयोजित किया गया। इस अधिवेशन में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से 106 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर, सलाहकार तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल थे।

अधिवेशन का उद्घाटन आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. गुनतास सिंह गिल ने किया। उन्होंने कहा कि अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य प्रसूति एवं स्त्री रोग के क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं आपातकालीन चिकित्सा कौशल को मजबूत करना है। डॉ. गिल ने महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत करने और गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु देखभाल सेवाएं प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

विशेषज्ञों ने सुरक्षित मातृत्व, महिलाओं के स्वास्थ्य, आपातकालीन स्थिति में शीघ्र निर्णय लेने और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. रागिनी अग्रवाल ने डॉक्टरों से महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने कार्य में निरंतर सुधार करते रहने और अपने ज्ञान एवं कौशल को अद्यतन रखने का आग्रह किया। एनआईजीएफ हरियाणा चैप्टर की अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी बी. ने सभा को संबोधित किया। चौहान ने माताओं और महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

सम्मेलन में सिजेरियन डिलीवरी के बढ़ते रुझान और उनकी उपयुक्तता पर एक विशेषज्ञ पैनल चर्चा भी हुई। डॉ. मीनाक्षी रोहिला, डॉ. रीति मेहरा, डॉ. नवनीत टक्कर, डॉ. सविता सिंघल और पीजीआई चंडीगढ़ के अन्य विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि सिजेरियन डिलीवरी करने का निर्णय चिकित्सा आवश्यकता, स्थापित दिशा-निर्देशों और महिला की स्थिति पर आधारित होना चाहिए तथा अनावश्यक हस्तक्षेप से बचना चाहिए। एनआईजीएफ हरियाणा के संयुक्त सचिव डॉ. मोहित वालिया ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉक्टरों की आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को एचएमसी सुपरवाइजर डॉ. रंजना शर्मा, डीएमएस डॉ. नरेश ज्योति, एमईयू कोऑर्डिनेटर डॉ. गुरलीन कौर और अन्य डॉक्टरों द्वारा भी सहयोग दिया गया।